If the sign of "Santan Lagna" and that occupied by santan, Jupiter happens to be a sign belonging to Mercury or Saturn or if there is sign belonging to Mercury or Saturn in the 5th house from "Santan Lagna" and Jupiter and the sign of Mercury or Saturn is also aspected by or is associated with Mercury or Saturn or Moon, one adopts a son. If in such a yoga the 5th house is strong (by aspect etc.) one gets a son of his own after adoption. "SANTAN LAGNA" is defined as the longitude arrived at by multiplying the longitude of the ascendant with 5.

दत्तक पुत्र का योग

सन्तान लग्न और गुरू लग्न, इनमें से जो वलवान हो उससे या इनसे पञ्चम स्थान में शनि या बुध की राशि हो और वहां शनि या बुध की दृष्टि-युति हो या वहां चन्द्रमा की दृष्टि-युति हो तो दत्तक पुत्र होता है। यदि पञ्चम भाव वलवान हो तो पुत्र उत्पन्न होता है। पांच से गुणित लग्न "सन्तान लग्न" होती है।

मन्दांशे पुत्रनाथे बुधशशि सहिते दत्तपुत्रो नृणां स्यात् ।
मन्दांशस्थे सुतेशे भृगुसुतधिषणौ स्वर्क्षगौ चेत्तदानीम् ॥
यत्ने दत्तात्मजः स्यात्तनयजनिरथो देवपूज्याष्टवर्गे ।
तत्पुत्रे मन्दभांशस्थितफलबहुता चाऽपि दत्तात्मजाप्त्यै ॥ ५९-६० ॥

(i) When the lord of 5th house is located with Mercury and Moon in the navamsha of Saturn, (ii) when the lord of 5th is located in the navamsha of Saturn and Jupiter and Venus are in their own respective signs, and (iii) when the ashtak varga of Jupiter and the house 5th from Jupiter are influenced by Saturn (the 5th from Jupiter may be influenced by association, aspect or navamsha of Saturn) one gets adopted son.

शनि के नवांश में बुध और चन्द्रमा के साथ पञ्चमेश के होने पर मनुष्यों के दत्तक पुत्र होता है। यदि जन्मकुण्डली में पञ्चमेश शनि के नवांश में स्थित हो और शुक्र एवं गुरू स्वराशि में हों तो दत्तक पुत्र होता

है। गुरू के अष्टक वर्ग में और उससे पचम स्थान में शनि के नवांश, उसकी स्थिति दृष्टि आदि से भी दत्तक पुत्र मिलता है।

सद्ग्रहः पूर्णवीर्योऽपि पुत्रस्थान गतो भवेत्।
न चेत्स पुत्रनाथेन दृष्टो दत्तसुतप्रदः ।। इति ।। ६१-६२ ।।

Even if there is very strong benefic planet in the 5th house, it will give only an adopted son, unless it is aspected by the lord of the 5th house.

पूर्णवली शुभ ग्रह भी पञ्चम स्थान में हो परन्तु यदि वह पञ्चमेश से दृष्ट न तो हो दत्तक पुत्रदायक होता है।

अथ पुत्र स्थानगताः केश्चिद्विशेषा उच्यन्ते

सारः कर्कटके सुते यदिगतः पुत्रा भवेयुर्नृणाम्।
शुक्रार्कावनिजा स्सुतान्विता विधते तद्वद् द्विभार्यवताम् ।। ६३ ।।
इन्द्वीड्यौ बहुकन्यकाजनयतः पुत्रानतोऽल्पान्बुधः।
स्वल्पापत्यकरस्स्मृतश्शशिगृहे प्येवं विशेषाः स्मृताः ।। ६४ ।।

Special effects of planets in 5th

Saturn in Cancer in 5th house denotes acquisition of many sons. Venus, Sun and Mars if located in 5th indicate that one gets son only after second marriage. Moon and Jupiter located in 5th give more daughters and less sons. Mercury in Cancer in 5th gives one son with much difficulty.

पुत्रभाव में स्थित ग्रहों का विशेष फल

यदि पञ्चम स्थान में कर्कराशि में शनि हो तो मनुष्यों के कई पुत्र होते हैं। इसी प्रकार इस स्थान में स्थित शुक्र, सूर्य एवं मंगल दो पत्नी वाले व्यक्तियों के पुत्रदायक होते हैं। इस स्थान में स्थित चन्द्रमा और गुरू अल्प पुत्र और अधिक कन्या पैदा करते हैं तथा वहाँ कर्क राशि में स्थित बुध कठिनाई से एक पुत्र देने वाला कहा गया है। इस प्रकार पञ्चम स्थान में स्थित ग्रहों का विशेष फल जानना चाहिए।

पापा पञ्चमगाः स्वभे यदि सुतान् कुर्वन्ति पुत्रक्षितम्
सौम्याः स्वर्क्षगताः सुतेऽलिहरिगोकन्याश्च पुत्राल्पताम्।
गौ कन्या हरिवृश्चिकेष्वपि शशी तद्वत्सुतेऽन्यत्र वा
कन्यायां हिमगौ सुते च हिबुके कन्याबहुत्त्वं वदेत् ।। ६५-६६ ।।

(i) Malefic in 5th in its own sign leads to ultimate death of son. (ii) Benefics in their own signs in 5th house gives very few sons. (iif) Scorpio, Leo Taurus, and Virgo in 5th indicate death of sons. Moon in Taurus, Virgo, Leo and Scorpio in 5th gives very few sons. Moon in Virgo in 4th or 5th house gives preponderence of girls.

यदि पञ्चम स्थान में स्वराशि में पापग्रह हों तो पुत्र होकर नाश को प्राप्त होते हैं। और यदि इस स्थान में, स्वराशि में शुभग्रह हो तो पुत्र कम होते हैं। पञ्चम भाव में वृश्चिक, सिंह, वृष, और कन्या हो तो भी पुत्र कम होते हैं। इसी प्रकार वृष, कन्या, सिंह एवं वृश्चिक राशि में चन्द्रमा हो तो पुत्र कम होते हैं। कन्या राशि में चन्द्रमा पञ्चम या चतुर्थ स्थान में होने पर कन्याओं की अधिकता कहनी चाहिए।

अनुष्ठान-पद्धतिश्च

सुतभवनं शुभदृष्टं शुभसहितं वा शुभर्क्षमथ येषाम्।
प्रसवम्पुंसां भवत्त्यपत्त्यं विपरीतं वैपरीत्त्यतः॥ इति ॥६७-६८॥

Anushthan-Paddhati

People whose 5th house is aspected by benefic planets or is coujoined with such planets and whose 5th house contains the sign of a benefic Planet get issues. Opposite is the result if the sign in 'the 5th house belongs to a malefic and whose 5th house is associated with and aspected by malefic planets.

जिनकी कुण्डली में पंचम स्थान शुभ ग्रहों से दृष्ट या युत हो अथवा उसमें शुभग्रह की राशि हों, उन लोगों के सन्तान होती है। इसके विपरीत पंचम स्थान पर पापग्रहों की दृष्टि-युति या पापग्रह की राशि होने पर सन्तान नहीं होती।

ग्रन्थान्तरञ्च

लग्नचन्द्रसुरेड्यानां पञ्चमस्थे शुभग्रहे।
आत्मजं रात्मनो भूयान् गुणोत्कर्षश्चसम्भवेत् ॥६९७०॥ इति ॥

If benefic planets occupy the 5th house from the ascendant, Moon and Jupiter, the sons of the native become instrumental in enhancing the wealth and other qualities of native.

लग्न, चन्द्रमा एवं गुरू से पंचम स्थान में शुभग्रह होने पर अपने आत्मजों द्वारा गुणों एवं निष्ट उत्कर्ष की अभिवृद्धि होती है।

अथ पुत्रसंख्या —

लिप्तीकृत्त्यतनूजभावमपभं षष्ट्यंश खेटे क्षणैः ।
हत्वा रोप्यनतैर्विभज्य नूनखैर्दायादसंख्याऽऽप्यते ॥७१-७२॥ इति

(a) Work out the longitude of the 5th house leave aside the signs in it and convert the rest into minutes (kala).

(b)Ascertain the drishti shashtiamshas (aspect on the 5th house in terms of shashtiamshas) of all planets (see Raman's "GRAH" AND BHLAV BALAS")

Both malefics as well as benefics and total them up.

Multiply the minutes of (a) by (b) and divide the result by 60 and again by 200. The quotient denotes the total number of children to be born.

(क) पञ्चम भाव का स्पष्ट निकालो। इस स्पष्ट की राशियों को छोड़कर अंश आदिकों की कला बनावो।

(ख) शुभ अथवा अशुभ सभी ग्रहों की उपरोक्त पञ्चम भाव पर शष्टि अंशों में दृष्टि की मात्रा निकालो। सभी दृष्टियों का योग कर लो।

(क) को (ख) से गुणा करो। जो उत्तर आवे उसको ६० तथा २०० पर विभक्त करो तो जो उत्तर आवे वह होने वाली सन्तान की कुल संख्या होती है।

नोटः—शष्टि अंशों में दृष्टि निकालने की विधि केशवी जातक अथवा रमन के "Graha and Bhava Balas" में देख लीजिए।

तद्वत्पापनिरीक्षणै रथपृथग्घत्वा शताभ्यां हरेत् ।
दत्राऽवाप्तसमानसंख्यतनयाः क्षीयन्त इत्याप्तवाक् ॥ ७३-७४ ॥

The minutes arrived at as in (a) in last para multiplied by the shashtiamshas of the aspect in the 5th house of malefic planets only when divided by 60 and 200 will give as quotient the number of children which will be lost.

इसी प्रकार देखने वाले पापग्रहों की शष्टि अंश दृष्टि से उपरोक्त 'क' की कलाओं को गुणित कर ६० तथा २०० का भाग देना चाहिए। यहां लब्धि की संख्या के समान पुत्रों का क्षय होता है—ऐसा आप्तजनों का कहना है।

पुत्राधीशोपभुक्तां शकसमतनया स्तेषु ये पुंग्रहेशा
भांशाः ते पुत्रदास्यु र्दुहृत्क्त इमे ये शंका स्त्रीग्रहेशाः ।। ७५-७६ ।।

The number of issues is equal to the number of the navamshas elapsed ln the longittude of the lord of the 5th house. Of these the navamshas belonging to male planets denote boys and those belonging to female planets denote girls.

पंचमेश के भुक्त नवांशों की संख्या के समान सन्तान होती है। युक्त नवांशों में जितने पुरूष ग्रहों के नवांश हो उतने ही पुत्र और जितने स्त्री ग्रहों के नवांश ही उतनी कन्याएँ होती है।

पुंखेटायुग्मगाश्चेत् तनयमरणदा मृत्युदाः पुत्रिकाणाम् ।
ओजस्थाः स्त्रीग्रहाश्चेत् बलमपि नियतं चिन्त्यमंशाधिषानाम् ।।७७-७८

Death af Chidern

If male planets occupy even signs (in 5th house etc), they indicate the death of a male issue. If female planets occupy odd sings they indicate the death of female issues. The strength of the lord of the navamsha occupied by planets should also be considered in this context. (see next shloka)

पुत्र एवं कन्या की मृत्यु

यदि पुरुषग्रह सम राशिय में हो तो पुत्र के मृत्युकारक होते है और यदि स्त्री ग्रह विषम राशियों में हो तो कन्याओं की मृत्यु करते हैं। यहां नवांश के स्वामियों के बल का भो अवश्य विचार करना चाहिए।
(देखिए अग्रिम श्लोक)

अंशाधीशाः स्वभवनगता मित्रभ स्वोच्चगा वा ।
वीर्याढ्या वा विदधति सुदीर्घायुषं तोकसंघम् ।। ७९-८० ।।

If the lord of the navamsha (in the 5th house or in the longitude of the 5th house) is located in his own sign, in a friendly sign, or in its sign of exaltation and is strong otherwise (by house position aspect etc.) it becomes conducive to the long life of the issues.

यदि पञ्चम भाव में स्थित नवांश के स्वामी स्वराशि, मित्र राशि या उच्च राशि में हों अथवा बलवान् हो तो सन्तान की दीर्घायु करते हैं।

नीचस्था वा रविहतकरा वैरिवेश्माश्रिता वा ।
वीर्यापेता रहितमसुभिः कुर्युरल्पायुषं वा ।। ८१-८२ ।।

If the lord of the aforesaid navamsha is located in its sign of debilitation, is eclipsed by the rays of the Sun, occupies an inimical sign, is otherwise weak (by house position etc.) or is with very little of rays (due to being in the vicinity of Sun) the issues are short lived.

यदि उपरोक्त नवांशाधिपति नीच राशि में हो तो अस्तंगत हो, शत्रु राशि में हो, बलहीन हो या मन्द किरणों वाले हों तो सन्तान की अल्पायु करते हैं।

निक्षिप्याष्टकवर्गकं सुरगुरोः, स्तत्पञ्चमे यावत।
शुक्लाक्षाणि विहायवैरिगृहगान् मूढांश्च नीचस्थितान् ॥ ८३ ॥
तावन्तस्तनया भवन्ति गुणना कार्या च तुङ्गादिषु।
प्रोक्ताः पुंवनिता कृतश्च पुरुषस्त्रीखेचराः कीर्त्तिताः ॥ ८४ ॥

In the ashtak varga of Jupiter, examine the 5th house from Jupiter, the number of children will generally be the number of bindus (good points) there. Bindus of planets in debilitation or enemy house will not give any issues. Bindus whose lords are in exaltation confer 3 children each. Those in masculine signs confers sons, those in feminine signs confer daughters.

गुरु के अष्टकवर्ग में गुरू से पंचम भाव में जितने बिन्दु हों, उनमें से मन्दरश्मि, शत्रुराशिगत, अस्तंगत एवं नीच राशिगत ग्रहों की संख्या के बिन्दुओं की संख्या घटाकर जो संख्या बचे उतने बच्चे होते हैं। उच्च आदि राशि में होने पर इस संख्या को (निर्धारित रीति से) गुणित करना चाहिए। पुरूष और स्त्री संज्ञक ग्रह क्रमशः पुत्र एवं स्त्री कारक कहे गये हैं।

नोटः—ग्रह के उच्च होने पर त्रिगुनी संख्या लेनी चाहिए अर्थात् एक के स्थान पर तीन।

अत्राऽनुष्ठान पद्धतिः

अशत्रुनीचांशगैः सुते सुतेशयुक्तैरपि तैस्तथाविधैः।
सुतेक्षकै र्वा गुरु भादिनांशकात् पुत्रे फलैः पुत्र मिति विचिन्त्ते ॥ इति ॥

पुत्र संख्या विनिर्देश्या सुतेश गुरुरश्मिभिः।
अप्युच्यते तदानीति गुरुनिर्दिष्ट वर्त्मना ॥ ८५-८६ ॥

Anushthan Paddhati

The number of children should be determined by (a) the number of navamshas in the longtiudes of the 5th house, excepting whose lords are located in their debilitation sign or an inimical sign.

(b) the number of navamshas in the longitude of the sign occupied by the lord of the 5th house, baring here also the navamshas of signs which are inimical to the lord of the 5th house or is his debilitation sign.

or (c) the number of planets aspecting the 5th house (or its lord)

(d) the number of navamshas in the 5th sign from that occupied by Jupiter or the number of navamshas in the sign occupied by lord of the 5th house from the navamsha of Jupiter, leaving in each case the inimical and debilitation navamshas.

The number of sons can be determined from "rashmis" (rays) of the lord of the 5th house and Jupiter. The method as enjoined by the guru is detailed below.

प्रकारान्तर

पंचमेश एवं गुरु की राशियों से भी पुत्रों की संख्या का निर्धारण किया जाता है। गुरु के द्वारा बतलायी रीति से उसके आनयन का प्रकार कहते हैं।

तिग्मांशोर्दश शीतगोर्नवगुरोः सतांशवोऽष्टौ भृगोः।
पञ्चारार्कि विदां स्वनीच रहितं षड्गादि कञ्चेद्गृहं
चक्रं निर्गलितं स्वरश्मि गुणितं षद्भिर्भजेद्रश्मयो
यभ्यन्तेऽत्रहि वक्र मौढ्य मुखतः कलयौ च वृद्धिक्षयौ ॥८७-८८॥

Rashmis

The maximum rashmis of the planets are Sun 10, Moon 9, Mars 5, Mercury 5, Jupiter 7, Venus 8, Saturn 5 deduct from the longitude of the planet concerned the signs and degrees representing its highest debilitated position. The remainder multiplied by number of the rashmis for that planet and divided by 6 gives the number of rashmis it possesses. If the reminder referred to above is more than 6 signs, deduct it from 12 signs and then proceed with the further process.

रश्मि साधन

सूर्य की १०, चन्द्रमा की ६, गुरु की ७, शुक्र की ८, मंगल, शनि एवं बुध की ५-५ अधिकतम रश्मियां होती है। ग्रह में से उसका नीच घटाने पर जो शेष रहे उसे और यदि शेष ६ राशियों से अधिक हो तो उसे १२ राशि में से घटाकर अपनी रश्मि संख्या से गुणाकर ६ का भाग देना चाहिए। इस प्रकार यहाँ प्राप्त रश्मियों में वक्रता एवं अस्तंगतता के अनुसार वृद्धि एवं क्षय करना चाहिए।

वक्रोच्चांशकयोः कराः त्रिगुणिता द्विघ्न सुहृद्‍ स्वांशयोः
नीचार्यंशकयो नृपांश रहिताः ग्राह्ययोऽत्रखतंशकः।
क्षीयन्ते सकलास्त्विनाहक तनोर्मन्दाच्छयो तन्तदलं
जीवापत्यपयो बलाढय इहयस्तद्रश्मि संख्याः सुताः॥ ८९-९०॥

The "rays" of the plantes which are in reprogression or in "exaltation" should be taken three timesthe rays of planets in friendly or own navamsha should be doubled. In case the planets are in their inimical of debilitation navamsha, their rays should be taken as 1/16th. All rays are lost if the planet is eclipsed except Saturn and Venus who lose only half. The calculation should be carried out from the 5th house or Jupiter whichever is stronger.

यदि ग्रह वक्री अथवा उच्च हो तो उसकी रश्मि संख्या को त्रिगुणित कर लो, जो अपने अथवा मित्र के नवांश में स्थित हो उनकी रश्मि संख्या को द्विगुणित कर लो, जो नीच अथवा शत्रु नवांश में स्थित हैं उनके रश्मियों को सोलहवां भाग लो। ग्रह के अस्त होने पर सब रश्मि संख्या खो जाती हैं, सिवाय शनि शुक्र के जो कि आधी संख्या खो देते हैं। यह विचार पञ्चम भाव से अथवा गुरु से जो भी अधिक बलवान् हो करनी चाहिये। उन राशियों की संख्या के समान सन्तान होती है।

प्रोक्ता स्वात्मजं संन्यासु ग्राहचा या भूयसो भवेत्।
बलवत्त्वात्मजाधीशे दुर्बले तु कनी यसी॥ इति॥ ९१-९२॥

In case the lord of the 5th house is strong, the number of children should be taken by the method that has given the maximum

number. In case it is weak, take the least of the number given by various methods.

पंचमेश के वलवान् होने पर पूर्वोक्त रीतियों से साधित सन्तान की संख्या में जो अधिक हो उसे ग्रहण करना चाहिए। और पंचमेश के वल होने पर छोटी संख्या का ग्रहण करना चाहिए।

अथ पुत्रोद्भव काल उच्यते

पुत्रेशः पुत्र भावस्य समीपे लग्नपस्यवा।
यद्यादौ पुत्रजन्मस्याद् यौवनान्तेऽन्यथा स चेत्॥
केन्द्रादिस्थे सुताधीशे प्रथमे मध्यमेऽन्तिमे।
क्रमेण वयसो भागे पुत्रजन्म विनिर्दिशेत्॥ ९३-९४॥

The time of birth of son

If the lord of the 5th house is close to 5th or is close to the lord of the lagna, a son is born at the start of youth. If it is away from them son is born at the end of youth. The lord of the 5th house located in kendra (1st, 4th, 7th, and 10th houses) gives son in youth, panphar (2nd, 5th or 11th) gives one in middle age, while if located in apoklim (3rd, 6th, 9th or 12th) the birth of son takes place late in life.

पुत्रोत्पत्ति का समय

पंचम भाव या लग्नेश के समीप पंचमेष हो तो युवावस्था के प्रारम्भ में पुत्र का जन्म होता है। यदि यह इनसे दूर हो तो युवावस्था के अन्त में पुत्र पैदा होता है। पञ्चमेश केन्द्र, पणफर तथा आपोक्लिम में हो तो पुत्र जन्म क्रमशः युवा-मध्यम तथा वृद्धा अवस्था में होता है

लग्नाधीशस्सुतपधिषणौ तद्द्वयाप्तांश भेशौ
या चैतेषां भवति हिदशा यत्र चान्तर्दशा वा
तस्मिन् काले तनयजननं निर्दिशेन्मानवानाम्॥ ९५-९६॥

The main and sub ruling period in the dasa (say vimshottari of the lord of the ascendant, lord of the 5th house, Jupiter, lord of navamsha sign occupied by Jupiter and by the lord of 5th house, the lord of the 7th house, planets aspecting the 5th house and those situated in the 5th house bring about the birth of sons.

लग्नेश, पंचमेश एव गुरु, इन दोनों के नवांश के स्वामी, सप्तमेश, पंचम स्थान को देखने वाले और पंचम स्थान में स्थित ग्रहों की जब महा-दशा या अन्तर दशा चलती हो उस समय में मनुष्यों को पुत्र का जन्म बतलाना चाहिए ।

पुत्रेशाश्रितभे तदंशक गृहे मान्द्याश्रितक्षे तदी-
यांशर्क्षे च तथा त्रिकोण भवने स्वेषाञ्च बहवक्षके ।
राशौ स्वाष्टकवर्गके च विचरन् जीवो भवेत्पुत्रदः
पुत्रेशोत्र विचिन्त्यतां हिमकरा लग्नाच्च जीवादपि ॥ ९७-९८ ॥

When Jupiter transits (a) the sign occupied by the 5th lord (b) the sign represented by the navamsha of the lord of the 5th house (c) the sign occupied by gulik (d) the sign representing the navamsha occupied by gulik (e) the signs in trine to the gulik or it navamsha. The sign that has many "BINDUS" contributed in ashtak varga by the planets mentioned in (a) to (e) above all the sign in which Jupiter has its many bindus, it brings about birth of son. The lord of the 5th (progeny) in this context should be teken not only from the ascendant but also from Moon and Jupiter.

पंचमेश से अथिष्टित राशि, उसके नवांश की राशि, गुलिक से अथिष्ठित राशि, उसके नवांश की राशि तथा त्रिकोण की राशि अष्टक वर्ग में इन ग्रहों तथा गुरू द्वारा अधिक विन्दु पाने वाली राशि पर गोचरीय क्रम से विचरण करता हुआ गुण पुत्र दायक होता है । यहाँ पंचमेश का विचार चन्द्रमा, लग्न और गुरू तीनों से करना चाहिए ।

जीवापत्यविलग्नजन्मपतयः पुत्रेश्वरारूढभे
पुत्रे वाऽथ तयो स्त्रिकोण भवने वा सञ्चरेयुर्यदा
योगो वा वनिता विलग्नतनयेशानां त्रयाणां यदा
सन्तत्या जननं तदा खलु नृणा मित्येव शास्त्रोहि ॥ ९९-१०० ॥

When Jupiter, the lord of the 5th house, the lord of the ascendant and the lord of the sign occupied by Moon transits over the 5th house or its lord or the house in trine to these or when the lord of the 7th, 1st and 5th are gathered together in one place, that is the time for people to get progeny.

जब गुरु, पंचमेश लग्नेश तथा चन्द्रमा अधिष्ठित राशि का स्वामी गोचरीय क्रम से संचार करते हुए पञ्चम भाव पर से अथवा पंचमेश पर से अथवा इन से त्रिकोण स्थान में से गुजरे अथवा जब सप्तमेश, लग्नेश एवं पंचमेश इन तीनों का गोचर में कहीं योग हो तब मनुष्यों के सन्तान होती है—ऐसा शास्त्र में कहा गया है।

वागीशात्मजभें यदक्षपतनान्निर्णीयते सन्ततिः
सा स्यादस्य गृहांशयोर्बलवतश्चन्द्रे त्रिकोणङ्गते।
तत्स्थत्र्यंशवशात् त्रिकोणभवनात् ज्ञेयोडुमाहत्स्यम।
लोकैस्त्र्यंशगता विभज्य न नतैर्लिप्ता भयाता घटी॥ १०१॥

The bindus (good points) in the 5th house from Jupiter in ashtaka varga have been taken as representing children. Take any such planet contributing the bindu and find out the sign and navamsha occupied by it. Then decide which of these two (the sign or the navamsha) is stronger. Moon transiting this stronger sign will denote the time of gain of progeny. This will be the case only if the lord of the bindu occupied the first decante, if he was in the 2nd decante, then birth would occur when moon transits the 5th of the sign or navamsha, whichever is stronger, occupied by the lord of the bindu; if in the 3rd decante, in the 9th of the sign/navamsha, whichever is stronger. Determine the minutes covered by the planet who is giver of the issuses as lord of the binbu in the ashtaka varga. Multiply the same by 135 and divide by 1800. This will determine the star and ghatikas that will elapse before birth.

अष्टक वर्ग में गुरु के स्थान से पञ्चम भाव में जिस ग्रह ने बिन्दु दिया है उसकी राशि और नवांश को देखो। इनमें से जो बलवान हो उस पर गोचरवश चन्द्र के आने पर सन्तान होगी। ग्रह के प्रथम द्रेष्काण पर होने से इन पर से, द्वितीय द्रेष्काण होने पर इनसे पञ्चम और तृतीय द्रेष्काण होने पर इनसे नवम पर चन्द्र के आने पर सन्तान हो। बिन्दु के स्वामी ग्रह की कलाओं को १३५ से गुणा कर १८०० का भाग दो तो नक्षत्र और उसकी घड़ियां प्राप्त होगीं जिनके अनन्तर जन्म होगा। चन्द्र की स्थिति तो पहले से ही ज्ञात है।''

पुत्रारूढतया तदीक्षकतया सौम्येन येनाऽथवा
पुत्रेशेन बलिष्ठताभिमतभावस्थतोऽन्येन वा॥ १०२॥

खेटेनात्मजयोगदायकतया पुत्रोद्भवः कल्प्यते ।
तत्प्राप्तांश भयोस्त्रिकोणगशशिन्यप्यात्मजस्सम्भवेत् ॥ १०३ ॥

The birth of a son is determined from the planet in the 5th house, the planet aspecting the 5th, the lord of the 5th located in a desirable place, etc. The Moon transiting trines from these planets or the navamsha sign occupied by them also denote acquisition of son.

पञ्चम भाव में स्थित ग्रह उस पर दृष्टि डालने वाला ग्रह अभिमत भाव में स्थित अथवा अन्य किसी पुत्रदायक ग्रह के अनुसार पुत्रोत्पत्ति की कल्पना करनी चाहिए। उन योग कारक ग्रहों के नवांश और राशि से त्रिकोण में चन्द्रमा होने पर भी पुत्र होता है।

ये चदोषा गुणा ये च कीर्त्तिता भाव चिन्तने ।
अस्यां सन्तानचिन्तायामपि चिन्त्याश्च तेऽखिलाः ॥ १०४ ॥

The good and bad qualities taken into consideration in examining the various houses should also be considered here when examining the question of progeny.

भाव का विचार करते समय जिन दोष और गुणों को कहा गया है, इस सन्तान भाव का विचार करते समय उन सब का ध्यान रखना चाहिए।

मर्त्यः पितृणामृणपाशबन्धनाद्विमुच्यते पुत्रमुखावलोकनात् ।
श्रध्दादिभिर्ह्येव मतोऽन्यभावतः प्राधान्यमस्यैत्ययमीरितोऽञ्जसा ॥ १०५॥

Principal Desire of Son

By seeing the face of a son, one gets rid of "Pitri Rin" i.e., debt of the ancestors on us. The son then performs shradha ceremonies for his father. For this reason the 5th house is of more importance in the horoscope.

पुत्र भाव की प्रधानता

पुत्र का मुख देखने से मनुष्य पितृ-ऋण के बन्धन से मुक्त हो जाता है और वही पुत्र उसका श्राद्ध आदि भी करता है। इसलिए अन्य भावों से पुत्र (पंचम) भाव की प्रधानता आचार्यों ने कही है।

इति प्रश्नमार्गे एकोन-विंशोध्यायः ॥

अध्याय-२०

प्रश्नजातकसंवादे सर्वत्र फलनिर्णयः ।
इति सप्तमभावोऽथ जातकेनापि चिन्त्यते ॥ १ ॥

In all problems where the conclusions arrived at from natal chart are corroborated by the prashna chart a sense of certainty comes. Hence we will now deal with the 7th house affairs in accordance with the rules of "Natal" astrology.

सभी प्रश्नों के फल का निर्णय प्रश्नशास्त्र एवं जातकशास्त्र की एकमतता से किया जाता है। इसलिए अब जातकशास्त्र के अनुसार सप्तम भाव का विचार किया जाता है।

प्रोक्तैषा पुत्रचिन्ता नृषु नहि घटते दारहीनेषु नूनं
श्रौतं स्मार्तञ्च सर्वं गृहिषु च नियतं कर्मजातं यतोऽतः ।
कर्त्तव्यस्स्यादवश्यं परिणयविधिः कर्मणे चात्मजाप्त्यै
तस्मादुद्वाहचिन्तामिह महदुदितां वच्मि पद्यैर्नवीनैः ॥ २ ॥

Provision of Marriage

The consideration about sons does not apply to people without a wife. In order that man should be in a position to perform the duties imposed by shastras, and to get a son, it is necessary that he should marry. Hence I will now deal with the question of Marriage.

विवाह का प्रयोजन

पुत्र का विचार जो पिछले अध्याय में कहा गया है, वह पत्नी-रहित व्यक्तियों में नहीं घटता है क्योंकि श्रौत, स्मार्त्त एवं घर के अनिवार्य सभी कर्म आवश्यक रूप से करने होते हैं। अतः कर्म एवं सन्तान दोनों की सिद्धि के लिए विवाह आवश्यक है। इसलिए महान् आचार्यों द्वारा प्रतिपादित विवाह विचार की रीति को नवीन पद्यों के द्वारा कहता हूँ।

द्यूनतन्नाथतद्दृष्टतद्युक्तभृगुजादयः ।
इह साधन भूतानि गुणदोष निरूपणे ॥ ३ ॥

Instrument for Determination

The 7th house, its lord, the planet, aspecting it, the planet located in it, Venus etc. are the instruments for determining the merits and demerits in this context.

विचार के साधन

सप्तम स्थान, उसका स्वामी, उसके देखने वाला ग्रह, उसमें स्थित ग्रह एवं शुक्र आदि विवाह का गुण-दोष निरूपण करने के साधन होते हैं।

स्वस्वामिभूतानुगुणस्वभार्यां कुर्युरङ्गनानाम् ।
मेषाद्या द्यूनगाः पुंसां स्वभावस्सोऽथ कथ्यते ॥ ४ ॥

The sign in the 7th house, makes the nature of a wife correspond to the nature of the lord of the 7th house. Hence we will now proceed to discuss this question on the basis of signs in 7th.

(सप्तम स्थान की राशि) अपने स्वामी के गुण (प्रकृति/मनोवृत्ति) के समान गुणों वाली स्त्री को पत्नी बनाती है। अतः अब सप्तम स्थान में स्थित मेष आदि राशियों के अनुसार मनुष्यों का स्वभाव बतलाते हैं।

देवालोकनतत्परान्नवरदा भाण्डौघसंशोधिनी
स्नानोत्का वसनोत्सुत्का परिमलेसक्ता च भाण्डार्जने ।
वाक्प्रौढा कुशला च वागकरणे श्रोत्री च शास्त्रादिकं
स्पार्शं सौख्यमितात्त थान्य निचयासक्ता सत्कार्यवाणी कला इति
॥ ५ ॥

The good qualities of the wife are reflected by the signs as under.

Sings in 7th	**Nature of wife**
Aries	Devoted to darshana of gods
Taurus	Destined to have plenty of food
Gemini	Fond of keeping her utensils and articles clean
Cancer	Fond of bathing and clean clothes
Leo	Fond of perfumes
Virgo	Fond of collecting utensils
Libra	Clever and tactful in speech
Scorpio	Disobedient

Sagittarius	Listens to religious discourses
Capricorn	Loves articles pleasing to sense of touch
Acquarius	Inclined to grab things belonging to others
Pisces	With good speech and actions

सप्तम स्थान में मेष आदि राशियां और स्वभाव

(सप्तम स्थान में मेष आदि राशियाँ होने पर पत्नी यथाक्रमेण (१) देवताओं के दर्शन में तत्पर (२) अन्न का वरदान देने वाली (३) बर्तनों को साफ रखने वाली, (४) स्नान एवं नवीन वस्त्रों की उत्सुक, (५) सुगन्ध प्रेमी, (६) बर्तन के संग्रह की रुचिवाली, (७) गम्भीर एवं चतुरतायुक्त वाणी वाली, (८) कहे हुए को न करने वाली, (९) शास्त्र आदि को सुनने वाली, (१०) स्पर्श-सुख की इच्छा (११) अन्य लोगों से संग्रह कीरुचि वाली (ठग) (१२) अच्छे कार्य करने वाली तथा वाक्चातुर्य-सम्पन्म होती है।

वीर्योने द्यूनभावे सति च तदधिपे वैरिनीचांशके वा
मूढे वा पापवीक्षाद्वय समधिगते स्वामिनोनोऽसताञ्च
एवम्भूते भृगौ वा व्ययमृतिरिपुगे प्रोद्वाहो
नैवसिध्येत्कथमपि घटितश्चेन्म्रियेतैव भार्या ॥ ६ ॥

In the following conditions one cannot get married or if somehow he marries his wife dies:—

(i) When the 7th house is weak

(ii) When the lord of the 7the house is weak and is located in an inimical sign or its sign of debilitation or is eclipsed by the rays of the sun

(iii) When the 7th house and its lord are both under the aspect of malefic planets

(iv) When the 7th house and its lord are aspected by a malefic planet other than its lord

(v) When Venus is weak and occupies its sign of debilitation, an inimical sign or navamsha and is situated in 6th, 8th or 12th house.

Note:—The location of Venus in the 12th house has been stated as leading to denial of wife. We do not agree with this view. All planets in the 12th house are harmful for the things and persons they signify, but not Venus, who is an exception in this respect. Since the 12th house

is a house of luxury connected with sex and marriage, the location of Venus in this house is, on the contrary conducive to the long life of wife. Attention of readers is invited in this context to shloka 16 of khanda 4 of "Uttar Kalamrit" and shloka 7 of Aries ascendant in "Bhavartha Ratnakar".

विवाह न होने या पत्नी मर जाने का योग

सप्तम भाव के निर्बल होने पर, सप्तमेश के निर्बल अथवा शत्रु/नीच नवांश में स्थित या अस्तंगत होने पर; सप्तम भाव और सप्तमेश दोनों पर पाप दृष्टि होने पर सप्तम स्थान पर स्वामी को छोड़कर पाप ग्रह की दृष्टि-युति होने पर; शुक्र के भी निर्बल, नीच आदि नवाँश में स्थित या व्यय, षष्ठ अथवा अष्टम स्थान में स्थित होने पर प्रायः विवाह नहीं होता। और, यदि विवाह हो भी जाता है तो उसकी स्त्री मर जाती है।

मोहये मदगे सदैव विरहो नार्या मृतिर्वा भवेत्
दृष्टेऽस्मिन्छनिना निरीक्षितयुते नान्यैर्म्रियेतैव सा ॥ ७ ॥

Other Yogas for the Death of Wife

When Mars occupies the 7th house, it leads to separation from or death of wife. When this house is under Aspect of Saturn and under no other influence the wife dies.

Note:—Although the location of Mars in the 7th house or the aspect of Saturn on it is undoubtedly harmful to the longevity of wife, we think a final decision in this regard should be announced only when the strength of the lord of the 7th house and the significator of the 7th house (Venus in the case of men and Jupiter in the case of women) has also been taken into consideration. If these factors are strong the location in or the aspect of malefic planets—Mars not excepted, is not capable of doing much harm and does not lead to early death of the partner in life.

पत्नी की मृत्यु के अन्य योग

सप्तम स्थान में मंगल के होने पर सदैव पत्नी का विरह या उसकी मृत्यु होती है। इस भाव पर शनि की दृष्टि होने तथा अन्य ग्रहों की न होने पर पत्नी मर जाती है

जीवस्सप्तमगो मृगे, भृगुसुतो भृङ्गे च जायाहनौ
हन्त्येव प्रथमां वधूं वृषगतश्चन्द्रारमजस्सप्तमे ॥ ८ ॥

Jupiter in Capricorn in the 7th and Venus in the. Scorpio in the same house are not conducive to the long life of wife. Mercury in Taurus in the 7th house is also harmful for the life prospects of wife.

सप्तम स्थान में मकर राशि में गुरु तथा इसी भाव में वृश्चिक राशि में स्थित शुक्र—ये दोनों पत्नी को मृत्युदायक होते हैं। सप्तम स्थान में वृष राशि में स्थित बुध पहिली पत्नी की निश्चित रूप से मृत्यु करता है।

मीनस्थो मदने दिनेशतनयो हन्याद्वधूम्निश्चयात् ।
कन्यायाम्मदने गुरुर्यदि सुखे पापश्च नश्येद्वधूः ॥ ६ ॥

Saturn in Pisces in the 7th house is harmful to the life prospects of wife. Jupiter in 7th in Virgo and Mars in the 4th house leads to death of wife.

सप्तम स्थान में मीनराशि में स्थित शनि निश्चित रूप से पत्नी की मृत्यु करता है तथा कन्याराशि में सप्तम स्थान में गुरु और यदि साथ ही चतुर्थ स्थान में कोई पापग्रह (मंगल) हो तो भी पत्नी की मृत्यु होती है।

रन्ध्रेशस्सुतपोऽथवा मदगतो नृणां निहन्त्यङ्गनाम् ।
भार्या स्याद्विकलाऽस्तधर्मसुतगौ भास्वद्भृगूचेत्सह ॥ १० ॥

If the lord of the 8th or the lord of the 5th house is in the 7th house, the yoga is harmful to the life of wife. If Sun and Venus are both in 7th, 9th or 5th house, the wife is likely to lose a limb of her body.

अष्टमेश अथवा पंचमेश सप्तम स्थान में हो तो वह मनुष्यों की परिणीता पत्नी को मार डालता है। यदि सूर्य और शुक्र साथ-२ सप्तम, नवम या पंचम स्थान में स्थित हों तो पत्नी का स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहता। (स्त्री के किसी अंग की हानि की संभावना रहती है)

शुक्रे पापान्तरस्थे शुभयुतिदृगपेतेऽङ्गना हेतु रापत्
भार्याया वामृतिस्याद् ॥ ११ ॥
थ सुहृदि मृतौ वा भृगोः सत्त्यसत्सु ।
सौम्येक्षायुत्यभावे सति च गदितवत् ॥ १२ ॥

स्यात्पुनः सप्तमस्थौ पुंसोयस्याहिसूर्यौ
युवतिगमनतस्तस्य सर्वस्वहानिः ॥ १३ ॥

If Venus is hemmed in between malefic planets and is neither associated with nor aspected by benefic planets, the man gets into troubles because of his wife or his wife dies. When a malefic planet is located in the 4th or 8th from Venus without the association or aspect of benefic planets, the yoga leads to death of wife. A man who has both Sun and Rahu in his 7th house, suffers all sorts of privation as a result of separation from wife.

Note:—In this case the tarm SEPARATION should not be taken to mean separation by death. The term means separation in the form of divorce etc. Sun and Rahu are (in company with Saturn) plenets of separation and as such they would separate the native from the traits of the house in which they are located (See for example 81/18 of BPHS, Rahu acts like Saturn)

अन्य योग

दो पाप ग्रहों के बीच में स्थित शुक्र के शुभ ग्रहों से युत-दृष्ट न होने पर स्त्री के कारण विपत्तियाँ आती है अथवा पत्नी की मृत्यु होती है। शुक्र से चतुर्थ या अष्टम स्थान में पाप ग्रह होने पर तथा उनके साथ शुभ ग्रहों की दृष्टि-युति न होने पर भी पूर्वोक्त फल होता है और जिस व्यक्ति की कुन्डली में सप्तम स्थान में सूर्य एवं राहु दोनों हों, उसको स्त्री के जाने से सभी प्रकार का नुकसान होता है।

चरराशिगतश्शुक्रः पापमध्यगतो यदि।
मन्ददृष्टोऽथवा युक्तो भ्रष्टा स्यादस्य भामिनी ॥ १४ ॥

Conduct of wife

The wife of a man is unchaste, if Venus occupies a moveable sign and is hemmed in between malefic planets and is associated with or aspected by malefic planets.

पत्नी का आचरण

यदि चरराशि में स्थित शुक्र दो पाप ग्रहों के बीच हो और वह शनि से दृष्ट या मुक्त हो तो उसकी स्त्री भ्रष्ट-आचरण करने वाली होती है।

भौमक्षेत्रे तदंशे वा तद्दृष्टो वाऽथ तद्युतः।
शुक्रो यस्य भवेत् पुंसः क्रूरमिच्छति साङ्गना ॥ १५ ॥

If Venus is located in Aries or Scorpio or in the navamsha of these signs or is associated with or aspected by Mars, the man's wife desires a cruel person.

Note:—The term "desires a cruel person" means wife is unchaste. Cruelty is, of course, the main trait of Mars who is stated here to have a very intimate link with Venus—the significator of wife, who will naturally imbibe herself also the undesirable qualities of Mars, such as cruelty and excess of sex.

जिस किसी भी व्यक्ति की कुण्डली में मंगल की राशि या मंगल के नवांश में शुक्र हो या मंगल द्वारा दृष्ट या युक्त हो उसकी स्त्री किसी क्रूर व्यक्ति को चाहती है।

मन्दालये मन्दनवांशके वा तेनान्वितोऽवा भृगुरीक्षितो वा।
नीचांशके नीचगृहेऽथवास्याद् यस्यायमिच्छद्वनितां निकृष्टाम् ॥ १६ ॥

A person in whose birth chart Venus is located in the sign or navamsha of Saturn and is also associated with or aspected by Saturn or is in the debilitation sign or navamsha, his wife is of low character and comes from a low family.

जिस व्यक्ति की कुण्डली में शनि की राशि में या शनि के नवांश में शुक्र हो और शनि से युक्त या दृष्ट हो अथवा शुक्र नीचराशि के नवांश या नीचराशी में हो वह निकृष्ट आचरण परिवार की स्त्री को चाहता है।

शुक्राष्टवर्गे तद्यूने पापाक्षबहुले सति।
त्रिकोणाश्रितमान्दौ वा भार्या नाशो भवेन्नृणाम् ॥ १७ ॥

Yogas for Death of wife

If many (more than 4) dashes (bad locations) are contributed to the 7th house from Venus in his ashtaka varga or gulik is in trine to Venus, the wife meets an early death.

पत्नी की मृत्यु का योग

शुक्र के अष्टक वर्ग में उससे सप्तम भाव में अधिक पापग्रहों की रेखाएं होने पर अथवा उस में गुलिक होने पर मनुष्यों की पत्नी मर जाती है।

भौमार्कगृहगे शुक्रे तद्दृष्टे वाथ तद्युते।
वह्निभूताश्रिते चाऽत्र म्रियेताग्नौ वधूर्नृणाम् ॥ १८ ॥

Death of wife by fire—If Venus is in occupation of 1st 5th or 8th (signs of Sun and Mars) and is also in a firy house and is in association with or under the aspect of these two planets, the wife of the native dies in accident by fire.

Note:—The 1st, 5th and 9th houses of any birth chart are "Firy houses". The idea is that Venus who is significator of wife, should be under the manifold influence of the firy planets, Sun and Mars. We may add Ketu to the list for Ketu acts as Mars as is very well known. Ketu and Rahu have the additional aspects like Jupiter, i.e. they iufluence the house etc. from which they are in 1st, 5th or 9th. Venus thus for example in Leo in the 5th house with Mars and Sun would be aspected by Ketu, if Ketu were situated in the ascendant, 9th or 11th house. Another fact that may be kept in mind is that if Venus in the said firy association has with it the lord of the 7th house or the lord of the 2nd house, the firy accident would be all the more certain, for in that event the lord of the ascendant of wife and the lord of the 8th therefrom (Both involved in considerations relating to the determination of mode of death) would also be subjected to the firy influence. Apply this principle to the case dealt with in the next shloka.

पत्नी के जलकर मर जाने का योग

मंगल या सूर्य की राशि में शुक्र के इन दोनों से दृष्ट या युक्त होने पर तथा अग्नितत्व वाले भावादि में स्थित होने पर मनुष्यों की पत्नी अग्नि में जल कर मर जाती।

शुक्रे मान्दिसमायुक्ते तस्मात्केन्द्रत्रिकोणगे।
राहौ च मरणम्ब्रूयात् भार्यायाः सर्पदंशनात् ॥ १६ ॥

Death of wife by serpent bite

If Venus is located with gulik and if there is Rahu in kendra or kona from Venus, wife dies by snake bite.

Note:—Here also both gulik and Rahu are representatives of a serpent. As factors denoting poison we may safely add Saturn and Mars to the list.

सर्प के काटने से पत्नी की मृत्यु का योग

शुक्र के गुलिक के साथ होने पर और उससे केन्द्र या त्रिकोण स्थान में राहु होने पर सर्प के काटने से स्त्री की मृत्यु बतलानी चाहिए।

शुक्रे मन्दसमन्विते सति भृगो रन्ध्रे च पापान्विते।
भार्यादुर्मरणं चतुष्पदगते शुक्रेऽत्र पश्वादितः ॥ २० ॥
गृध्रत्र्यंशगते खगाज् जलगृहस्थेऽच्छे तटाकादिके।
चन्द्राढ्ये चरभाश्रिते च जलधावित्यादियुक्तयोह्यचाम् ॥ २१ ॥

Other Yogas for Death of Wife

Wife dies by accident, if Venus is with Saturn and there is a malefic planet in 8th from Venus. In such a case, if Venus occupies a quadruped sign, she dies through injury caused by an animal. If Venus is in decante going by the name of "GRIDHRA". Death is caused by bird; if Venus is in watery sign; the death is at the bank etc. of some river etc; if Venus is with Moon in a moveable sign, the death takes place by drowning.

पत्नी की मृत्यु के अन्य योग

शुक्र के शनि के साथ होने पर और शुक्र से अष्टम स्थान में पाप ग्रह होने पर दुर्घटनावश पत्नी की मृत्यु होती है। चतुष्पद राशि में शुक्र होने पर हिंसक चोपाये के कारण उस मृत्यु होती है। गृध्रसंज्ञक द्रेष्काण में शुक्र होने पर पक्षियों से, जल रशियों में शुक्र होने पर जल के किनारे और चर राशियों में चन्द्रमा के साथ शुक्र के होने पर जल (नदी आदि) की लहर एवं भंवर आदि में फंसकर डूबने से उसकी मृत्यु जाननी चाहिए।

भार्या भूतनिपीडिता रवियुते शुक्रे प्रधाना च सा।
चन्द्रेणाभ्याधिका मनः क्षितिभुवा जारान्विता पीडिता ॥ २२ ॥
रक्षोभिश्च युता बुधेन ललिता विद्यासुशीलान्विता।
स्याद्विद्याधरपीडिताऽथ गुरुणा पूर्णा गुणैः पुत्रिणी ॥ २३ ॥

Venus with various planets

Venus with Sun indicates a wife troubled by spirits. She holds high position in the family; if with Moon, she has a big (magnanimous) heart; if with Mars, she is adultrous and troubled by rakshas (people with bad character); if with mercury, she is charming in action learned and gentle; if with Jupiter, she is full of noble qualities and blessed with sons.

सूर्यादि ग्रहों से युक्त शुक्र के अनुसार स्त्री मृत्यु का विचार

सूर्य के साथ शुक्र होने पर पत्नी भूत-प्रेत आदि से पीड़ित और परिवार की प्रधान होती है। चन्द्रमा के साथ शुक्र होने पर वह बड़े दिल वाली होती है। मंगल के साथ शुक्र होने पर वह व्यभिचारिणी और राक्षसों से पीड़ित होती है। बुध के साथ शुक्र होने पर वह ललित चेष्टा वाली विदुषी एवं मृदु स्वभाव की होती है। गुरु के साथ शुक्र होने पर वह विद्याधर से पीड़ित, गुणवती एवं पुत्रवती होती है।

गन्धर्वैश्चनिपीडिताऽथ शनिना दुष्पूरुषासक्तधीः
दुश्शीला कपटान्विता दुरुदिता चैषान्तथैवालये ॥ २४ ॥

Venus with Saturn indicates that wife is troubled by a class of spirit of dead going by the name of "Gandharva" and that she is of bad character, fond of bad people, deceitful in action. The above results (see paras 22, 23 as well) follow also when Venus occupies the sign of respective planets. (as distinct from the planet themselves)

शनि के साथ शुक्र होने पर वह गन्धर्वों से पीड़ित, दुराचारी व्यक्ति में आसक्त बुद्धिवाली, दुराचारिणी, कपट का व्यवहार करने वाली होती है। इन ग्रहों की राशियों में स्थित शुक्र के अनुसार भी यही फल कहना चाहिए।

नीचासक्तमनास्तु केतुफणियुक्तेऽङ्गेन हीना च सा
मान्द्याद्यैस्त्रिभिराशु नश्यति शनैरर्द्धप्रहारान्विते।
सूर्याद्यक्षयुते सितास्तभवने स्वीयाष्टवर्गे चतद्
यक्षाद्भूतादितिक्रमाद सुसमज्ञेया मनोवल्लभा ॥ २५ ॥
सत्कर्मानुगुणा रतानुसरणे सन्तानसम्पादिनी
पत्युःकामसुखप्रदाननिपुणा दासीसमाकर्मसु ॥ २६ ॥

If Venus is with Rahu or Ketu she is in love with low people and likely to lose a limb. If Venus is with 'ardha prahar' (an upgraha see II/5 Jatak Parijt) Gulik and (Rahu) three malefics she meets early death. In the 'ashtaka varga" of Venus; if in the 7th house from Venus the bindu contributed is that by Sun, the wife will be troubled by the spirit of the dead such as "yakshas" and will be of high status; if by Moon, she will be loveable; if by Mercury, one engaged in moral deeds and loyal to husband; if by Jupiter, she is blessed with

progeny; if by Venus itself, she is sexually pleasing; if by Saturn she is a fool, working like a maid servent.

केतु तथा राहु से युक्त शुक्र होने पर वह नीच व्यक्ति में आसक्त और राहु से युक्त शुक्र होने पर वह अङ्गहीना होती है। अर्द्धप्रहर के साथ गुलिक आदि तीन ग्रहों से शुक्र के युक्त होने पर उसकी शीघ्र मृत्यु होती है। शुक्र के अष्टक वर्ग में शुक्र के सप्तम स्थान में सूर्य आदि ग्रहों के बिन्दु होने पर वह यदि सूर्य के होता यक्ष भूत आदि से पीड़ित, चन्द्रक हो तो मनोवल्लभा; यदि सूर्य हो तो बुध के होने पर सत्कर्म करने वाली तथा पति का अनुसरण करने वाली सन्तति वाली और शुक्र के होने पर पति की रतिसुख देने वाली तथा शनि के होने पर मूर्ख एवं कार्य करने में दासी के समान होती है।

सुरासुरेड्यौ वनितां सुवर्णां न्यूनाम्परे कुर्युरनङ्ग संस्थाः
भार्यावपुर्द्यूनपसंश्रितांशक्षेत्रेशयोर्वीर्यवतः समानम् ॥ २७ ॥

Appearance of Wife

Venus and Jupiter located in the 7th house indicate a beautiful wife. Other planets located in the 7th house denote the colour etc. of wife in accordance with the colour etc. of the lord of the sign occupied by the lord of the 7th house as also that indicated by the lord of navamsha sign occupied by the lord of the 7th house.

स्त्री का रंगरूप

सप्तम स्थान में स्थित गुरु और शुक्र सुन्दर स्त्री देने वाले होते हैं तथा इस स्थान में स्थित अन्य ग्रह हो तो सप्तमेश-स्थित नवांश राशि के स्वामी तथा सप्तमेश अधिष्ठित राशि के स्वामी में से जो बलवान हो उसके समान स्त्री का शरीर (बाह्य-व्यक्तित्व) होता है।

शुक्रद्यूनपतत्स्थानां सर्वेषामिह यो बली।
भार्यायास्सम्भवन्तीह तस्य वर्णादयो गुणाः ॥ २८ ॥

The colour and character of wife is in accordance with the colour and character of Venus (as influenced by other planets etc.), of the lord of the 7th house and of the strongest planet located in the 7th house.

शुक्र, सप्तमेश एवं सप्तम स्थान में स्थित ग्रहों में जो बलवान हो उसके समान पत्नी का वर्ण एवं गुण आदि होते हैं।

सद्युते नवमे शुक्रात् तदीशे च बलान्विते ।
धर्मशीला भवेद्भार्या सत्पुत्रा भाग्यवत्यपि ॥ २९ ॥

Some of Good Yogas

If a benefic planet is located in the 9th from Venus and the lord of that house is strong, the wife is religious minded, gives birth to lucky sons and is herself fortunate.

कुछ प्रशस्त योग

शुक्र से नवम स्थान में शुभ ग्रह होने पर तथा उसके स्वामी के बलवान होने पर पत्नी धार्मिक स्वभाव वाली, सुपुत्र-जननी और भाग्यवती होती है ।

सौम्यः सौम्ययुतेक्षितो मदपतिर्यद्वामदेशाश्रिताद
राशेः पञ्चमसप्तमायनवमस्थानाश्रिताः सद्ग्रहाः ॥ ३० ॥
अन्यो वा बलवान्यदीद वनितां सद्भर्तृकां सत्सुताम्
विन्देतैवमथोऽन्यथा यदि पुमान् वन्ध्यान्तु वा रोगिणीम् ॥ ३१ ॥

In case the lord of the 7th house is a benefic planet and is associated with or aspected by benefic planets or if there are benefic or very strong planets in 5th, 7th, 9th, 11th from the place occupied by the benefic lord of the 7th house, she gets good husband and also progeny. If the yoga is converse, she is without any issues or full of disease.

सप्तमेश शुभ ग्रह हो और वह शुभ ग्रहों से युतदृष्ट हो अथवा सप्तमेश जिस राशि में हो उससे ५वें, ७वें, ११वें एवं ९वें स्थान में शुभ ग्रह हों या कोई अन्य बलवान ग्रह हो तो अच्छे पति एवं अच्छे पुत्र वाली स्त्री होती है । यदि इसके विपरीत योग हो तो पत्नी वन्ध्या या रोगिणी होती है ।

स्वामिसौम्ययुतवीक्षिते मदे वीर्यवत्यपि तथैवतत्पतौ ।
भार्गवे च समभीष्टभावगे दारसम्पदिह सम्भवेन्नृणाम् ॥ ३२ ॥

If the 7th house is conjoined to or aspected by its own lord or similarly by a benefic planet, or if the lord of the 7th house is strong (by kendra position etc.) and if Venus (the significator of wife) is (strong) in a good house, the native gets happily married.

सप्तम भाव अपने स्वामी एवं शुभ ग्रह से युक्त-दृष्ट होने पर अथवा सप्तमेश के बलवान् होने पर और शुक्र के इष्ट भाव में स्थित होने पर मनुष्यों के दार सम्प्रद (स्त्रीरत्न) होती है ।

द्यूनेशे बलसम्पूर्णे विवाहो धनिनां कुलात् ।
बलहीने दरिद्राणां न स्याद्रूपवती च सा ॥ ३२ ॥

Marriage to a Poor or Rich Family

One marries in a rich family if the lord of the 7th house is very strong. On the contrary one marries from a poor family a girl who is not beautiful.

धनी एवं निर्धन परिवार में विवाह

सप्तमेश के पूर्णबली होने पर पुरुष का धनवानों के परिवार में विवाह होता हैं। सप्तमेश के निर्बल होने पर दरिद्रों के परिवार में विवाह होता है और पत्नी भी रूपवती नहीं होती ।



॥ त्रिंशाध्यायः ॥

अध्याय २१

दम्पत्योर्जन्मताराद्यैरानुकूल्यम्परस्परम् ।
विचिन्त्योपयमः कार्यस्तत्प्रकारो निगद्यते ।। १ ।।

Necessity of Concordance

Before the question of marriage is decided the mutual compatibility of the bride and bridegroom should be considered on the basis of their moon signs, constellations etc.

मेलापक की आवश्यकता

विवाह से पहले जन्मनक्षत्र आदि के द्वारा पति-पत्नी की परस्पर अनुकूलता का विचार करना चाहिए। तथा इनका अनुकूल मेलापक हो, उस प्रकार का प्रयास करना चाहिए। उसकी रीति कहते है।

राशिप्रोक्तं ग्रहोक्तं पुनरुडुगदितं चोडुसम्बन्धिभिर्वा ।
वर्णैर्योनिगणैर्वा मुनिविहगमृगैर्वेदभूतैश्च रज्ज्वा ।। २ ।।
प्रोक्तं यच्चानुकूल्यं पुनरपि वयसा चाष्टवर्गेण सक्त्या ।
सञ्चिन्त्यैतत्समस्तं परिणयनविधिः कल्प्यताम्प्राश्निकेन ।। ३ ।।

One learned in "prashna" should commend a marriage after carefully considering the following in the horoscopes of the bride and the bridegroom.

(i) Sign, (ii) planets, (iii) Constellation (iv) Varna (v) Yoni, Gana, Rishi, Birds, Animals, Vedas, Elements, Rajju, Age, Ashtaka Varga, Sakti, etc.

दैवज्ञ का कर्तव्य

राशि ग्रह या नक्षत्र के अनुसार कही गई राशि, नक्षत्र सम्बन्धी वर्ण; मनुष्य पक्षी एवं पशु आदि योनियों, चारों तत्त्व, रज्जु के द्वारा शुभाशुभत्व, अष्टक वर्ग आयु शक्ति इन सब बातों का भली भाँति विचार कर प्रश्न शास्त्र का विद्वान् विवाह करने का निर्देश दे।

अथ प्रथमं राश्यानुकूल्यम् ।। तत्र सर्वसिद्धिः इति

जन्मर्क्षतो द्वित्रिवेदबाणाङ्गराशिजो वर्ज्यः ।
ग्राह्योऽपरः भिन्ननक्षत्रश्चैकराशिजः ।। ४ ।।

Rashi (signs)

In this work of concordance, the horoscope of a girl is given priority in the sense that it is seen whether the boy is suitable for the girl (and not whether the girl is suitable for the the boy. Marriage of a girl, with a boy whose sign (i. e. sign occupied by moon in his natal chart) happens to be 2nd, 3rd, 4th, 5th or 6th from that of the girl is prohibited. If both the boy and the girl are born in the same sign, marriage is permissible but it is only mediocre. Where, however, the couple are born in one and the same moon sign but in different constellations (occupied by Moon) the marriage is considered as good.

राशि विचार

यहाँ स्त्री की जन्म कुण्डली की प्रधानता है अर्थात् यह देखा जाता है कि वर वधु के योग्य है अथवा नहीं। स्त्री की जन्मराशि से २सरी, ३सरी, ४थी, ५वीं और ६ठी राशि में उत्पन्न अन्य व्यक्ति से विवाह वर्जित होता है। एक ही राशि में वर कन्या उत्पन्न हों परन्तु उनके नक्षत्र भिन्न हों तो विवाह शुभ होता है।

ओजराशिभुवां स्त्रीणाम्मध्यौ षष्टाष्टमर्क्षजौ।
युग्मराशिभुवां निन्द्यष्षष्ठजोऽष्टमजश्शुभः ॥ ५ ॥

For girls born in odd Moon signs marriage is considered as of medium worth, if the Moon sign of the boy falls in the 6th,8th place from the Moon sign of the girl. In the case of girls having even sign as the sign of their Moon, the boy's moon sign being 6th it is not permissible for marriage. But marriage with a boy whose Moon sign is 8th from theirs is considered good.

विषमराशि में उत्पन्न स्त्रियों के लिए उनकी राशि से ६ठी और ८वीं राशि में वर की राशि मध्य दरजे की होती है। किन्तु युग्म राशि में उत्पन्न स्त्रियों के लिए ६ठी राशि में उत्पन्न वर से विवाह वर्जित है परन्तु उनसे अष्टम राशि में उत्पन्न वर से विवाह शुभ होता है।

स्त्रीजन्मभाद्भवतिपुंसि कुटुम्बजाते
वित्तक्षयस्तनयहानिरपत्यजाते।
षष्ठोद्भवे व्यसनरोगविपद्वियोगा
दुःखं सहोदरभवे सुखजे विरोधः ॥ ६ ॥

Madhaveeya

If from janma sign of the girl the janma sign of the boy is 2nd the marriage between the two leads to a loss of wealth, if it is 5th, there will be loss of sons, if it is 6th there will be disease, calamity, separation and bad habits, if it is 3rd much sorrow and if it is 4th there will be mutual opposition.

माधवीयकार का मत

स्त्री की जन्म राशि से पुरुष की जन्म राशि २सरी होने पर धन-नाश, ५वीं राशि होने पर पुत्रनाश, ६ठी राशि होने पर व्यसन, रोग, विपत्ति एवं वियोग आदि, ३सरी राशि होने पर दुःख और ४थी राशि होने पर स्त्री पुरुष में विरोध होता है।

षष्ठाष्टर्क्षनाशस्स्यान्न चेदेकाधिपत्यता
अन्योन्यमित्रभावश्च स्त्रीपुमृक्षेशयोर्यदि ॥ ७ ॥
वश्यभावे तथान्योन्यं ··· परस्परम् ।
न चेत्षष्ठाष्टमे दोषस्तदा षष्ठाष्टमः शुभः ॥ ८ ॥
परस्परत्रिकोणञ्च द्विद्वादशकं तथा ।
सर्वदा बहुदोषाय दम्पत्योर्मैत्रभेऽपि च ॥ ९ ॥
समसप्तभं श्रेष्ठमप्यराती तयोर्द्वयोः ॥

Brihaspati

Unless the janma rashi of girl and the boy is owned by the same planet or unless the lords of two signs are mutually friends, the marriage alliance will lead to loss of life or property.

Even if the Moon sign of a couple is 6th/8th to each other, but if there "vashya" (i.e. one is completely under the control of the other). (see shloka 16) and there is no "Vedha" the alliance will lead to prosperity.

The mutual trinal position or 2nd/12th position of the Moons of the couple is not commendarle nor is it so when the constellations are mittra.

बृहस्पति का मत

यदि स्त्री और पुरुष दोनों के राशि स्वामियों में एकाधिपत्यता न हो, तो उनकी परस्पर छठी और आठवीं राशि (षडाष्टक) होने पर उनकी मृत्यु होती है।

यदि स्त्री और पुरुष की राशि के स्वामी परस्पर मित्र हों, या एक

दूसरे के वश में हों तो षडाष्टक होने पर भी दोष नहीं होता।

वर कन्या की जन्म राशियों में नवम-पंचम और द्विर्द्वादश स्थिति सदैव अधिक दोषकारक होती है। चाहे वे दोनों राशियाँ भिन्न ही हों उन दोनों के राशीशों में शत्रुता होने पर भी उनकी परस्पर सातवीं राशि होना श्रेष्ठ होता है।

षष्ठाष्टमे मरणवैरवियोगदोषा
द्विर्द्वादशे विधनताऽप्रजता त्रिकोणे।
शेषेषु नैकविधसौख्ययुतार्थसम्पद्
षष्ठाष्टमप्रभृतिकेष्वपि वैरवेधे ॥ १० ॥

Muhurta Ratna

When there is 6th/8th position between the two Moon signs of the couple, it denotes death, enmity, separation, etc. when there is 2nd/12th position between the two Moon signs of the couple, it denotes poverty; when it is the 5th/9th position, it indicates issuelessnees. Any other position mutually of the two leads to much happiness and wealth. The alliance will, however, be good if in spite of the 6th/8th or 2nd/12th or 5th/9th there are other good features such as the two lords being mutually friends, or one and the same planet owns the two signs, and there is "Vasha" and no "Vedha". In case the "Yoni" of the two (bride and bridegroom) are incompatible and there is at the same time 5th/9th position of the lords of their Moon signs, the yoga leads to the death of sons.

मुहूर्त रत्न का मत

वर और कन्या की जन्म राशियों में षडाष्टक होने पर मृत्यु, शत्रुता, वियोग आदि दोष, द्विर्द्वादश होने पर निर्धनता तथा नवम पंचम होने पर अनपत्यता होती है। इसके अतिरिक्त प्रकार का सम्बन्ध होने पर अनेक सुख और सम्पत्तियाँ मिलती हैं।

षडाष्टक आदि में वैर-वेध होने पर, एक राशि दूसरी राशि की वश्य होने पर दोष नहीं होता, अपितु सद्यः सुख मिलता है। (पति-पत्नी की) विरुद्ध योनि होने पर नवम पञ्चम भ क्रूर हों तो निश्चित ही पुत्र की मृत्यु होती है।

कन्यालिगोहरिष्विन्दुस्तदंशे वाऽथ लग्नभम्।
सह स्याद्यदि दम्पत्योः पुत्रसिद्धिस्सुदुर्लभा ॥ ११ ॥

If in the horoscopes of both the bride and the bridegroom the Moon is in virgo, scorpio, taurus or leo or if there is the navamsha of these signs in the ascendant, it becomes most difficult to have a son.

यदि पति एवं पत्नी का जन्मकालीन चन्द्रमा कन्या, वृश्चिक, वृष एवं सिंह राशि में हो अथवा लग्न में इन राशियों का नवांश हो तो पुत्र का दर्शन दुर्लभ होता है।

मृगमीनौ विहङ्गाख्यौ अहिककौ सरीसृपौ।
पशवो मृगसिंहाजगावः प्रायः परे नराः ॥ १२ ॥

Yoni—Capricorn and pisces are considered as having "yoni" of birds, scorpio and cancer as that of reptiles, leo, aries, taurus as that of animals and the rest as having the yoni of human beings.

योनि विचार

मकर और मीन विहंग, वृश्चिक और कर्क सरीसृप, सिंह, मेष एवं वृष पशु तथा शेष राशियाँ मनुष्य योनि की हैं।

योन्यैकयञ्चोत्तमं विद्यात् मध्यमम्पशुमानुषम्।
सरीसृपविहङ्गाभ्यां कनीयान् पशुसंगमः॥
तिर्यङ्मनुष्यसंयोगं न कदाचित् समाचरेत् ॥ १३ ॥

Marriage alliance is commendable if the moon signs of both the bride and bridegroom denote the same "YONI". One being "ANIMAL" and the other "HUMAN" is considered as of middle category. If one of the signs is REPTILE or BIRD and the other animal the alliance is not recommended. Alliance between human and tiryak (animal etc) should never be permitted.

